## खबर संक्षेप

### शासकीय आईटीआई में कैम्पस प्लेसमेंट आज

**कटनी।** शासकीय आईटीआई कटनी में बुधवार 7 जनवरी को एल एण्ड टी कंस्ट्रक्शन स्किल्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (पनवेल) के द्वारा सुबह 10 बजे से कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया गया है। आईटीआई प्राचार्य ने बताया कि इस कैम्पस प्लेसमेंट में 18 से 35 वर्ष के वेल्डर, कारपेंटर, फिटर, इलेक्ट्रीशियन, और मेसनरी ट्रेड में आईटीआई उत्तीर्ण युवा भाग ले सकते हैं। कैम्पस प्लेसमेंट में 10वीं और 12वीं पास उम्मीदवार भी भाग ले सकते हैं। कैम्पस में चयनित अभ्यर्थियों को फॉर्म वर्क कारपेंटरी, बार बेंडिंग, टाइलिंग, मेसनरी, वेल्डिंग, कंस्ट्रक्शन इलेक्ट्रीशियन के रूप में कार्य करना होगा। कंपनी द्वारा प्रशिक्षण पूरी तरह से मुफ्त दिया जाएगा। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद लगभग 18 हजार रूपये मासिक वेतन दिया जाएगा। कार्यक्षेत्र पनवेल कॉम्प्लेक्स, पुरानी मुंबई-पुणे हाईवे, रायगढ़ जिला में रहेगा। आईटीआई प्राचार्य ने इच्छुक और योग्य उम्मीदवारों से आग्रह किया है कि वे कैंपस ड्राइव में भाग लेने के लिए अपने आवश्यक दस्तावेज़ साथ लेकर आएं। भर्ती कंपनी अपनी शर्तों पर करेगी और किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

### स्कूलों में 3 दिन का अवकाश किया घोषित

**कटनी।** जिले में शीतलहर और कड़ाके की ठंड के बीच स्कूली बच्चों को बड़ी राहत मिली है। लगातार गिरते तापमान और सुबह होने वाले कोहरे और ठंड के मद्देनजर विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रभारी कलेक्टर हरसिमरनप्रीत कौर ने प्री-प्राइमरी से कक्षा 8 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिये 3 दिवस का अवकाश घोषित कर दिया है। प्रभारी कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार न्यूनतम तापमान होने की संभावना एवं स्थानीय परिस्थिति के मद्देनजर जिले की समस्त शासकीय, अशासकीय एवं सी.बी.एस.ई. विद्यालयों एवं अन्य बोर्ड से सम्बद्ध विद्यालय बुधवार 7 जनवरी, गुरूवार 8 जनवरी एवं शुक्रवार 9 जनवरी को बंद रहेंगे। जबकि विद्यालयों की अन्य महत्वपूर्ण योजनायें तथा परीक्षाओं का संचालन यथावत रहेगा।

### ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने दिये निर्देश

**कटनी।** ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पत्र लिखकर आवश्यक निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत सीईओ ने समस्त ग्राम पंचायतों में हैंड पंपों के आसपास साफ सफाई रखते हुए नियमित अंतराल पर ब्लीचिंग पाउडर छिड़कने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने ग्रामों में संचालित पेयजल की उच्चस्तरीय टंकी एवं सम्पवेल की नियमित अंतराल पर साफ सफाई के साथ टंकी पर साफ सफाई कराए जाने का दिनांक अंकित किए जाने को कहा है। सुश्री कौर ने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को कहा है कि लीकेज में तत्परता पूर्वक सुधार कार्य कराएं।

---

### पुलिस कर्मियों पर पैकारी संचालकों से पैसे लेने का आरोप, आंदोलन की चेतावनी

# सब्र का बांध टूटा : नारी शक्ति ने पैकारी में बोला धावा, शराब लेकर पहुंची एसपी दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में शराब का अवैध कारोबार संरक्षण और मिलीभगत से ही आबाद है। सब कुछ जानते हुए भी अवैध शराब कारोबारियों के विरूद्ध कार्यवाही नहीं की जाती है। हद तो यहां तक है कि यदि पुलिस को शराब की अवैध बिक्री की जानकारी लोगों द्वारा दी जाती है तब भी कार्यवाही नहीं होती। गांवों में पैकारियों का बेरोकटोक संचालन हो रहा है जिसस अराजक माहौल बन रहा है। नशेड़ियों की तादाद बढ़ती जा रही है। अवयस्क भी नशे के आदी होते जा रहे हैं। घर गृहस्थी तबाह हो रही है। शराब के अवैध कारोबार को बंद कराने के लिए अब नारी शक्ति भी उग्र रूप धारण कर रही है।

स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी मवई में शराब का अवैध कारोबार करने वालों की पुलिस से शिकायत के बाद भी जब कोई कार्यवाही नहीं की गई तो नारी शक्ति ने स्वयं ही हौसला बुलंद किया। गांव की महिलाएं पैकारी में पहुंच गई और शराब की पेटियां और शीशियां लेकर सीधे पुलिस अधीक्षक कार्यालय जा पहुंचीं। महिलाओं ने एसपी कार्यालय पहुंचकर शराब के अवैध कारोबार पर पुलिस द्वारा कार्यवाही नहीं किये जाने एवं माफियाओं को संरक्षण का आरोप लगाते हुए एसपी कार्यालय परिसर में ही धरना दे दिया।

#### महिलाओं ने नामजद शिकायत की

प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने कहा कि गांव में राजेश पटेल, बाबू पटेल, संदीप पटेल और दीपक पटेल नामक व्यक्ति लंबे समय से खुलेआम अवैध शराब बेच रहे हैं। इसकी वजह से गांव के युवा और नाबालिग बच्चे नशे की गर्त में जा रहे हैं। महिलाओं का आरोप है कि उन्होंने इसकी शिकायत स्थानीय स्लीमनाबाद पुलिस और बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडे से भी की थी, लेकिन विधायक ने सिर्फ आश्वासन दिया और पुलिस ने अवैध शराब विक्रेताओं पर कोई कार्यवाही नहीं की।

#### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी ने कहा कि कुछ महिलाएं शराब लेकर कार्यालय आई थीं। उनकी शिकायत को गंभीरता से लिया गया है। ग्रामीण महिलाओं की शिकायत पर गांव में तत्काल टीम भेजकर अवैध शराब पर कार्रवाई की जाएगी। यदि डायल 112 के पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर लापरवाही बरती है या कार्रवाई से मना किया है, तो उसकी निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। दोषी पाए जाने पर पुलिसकर्मियों के विरुद्ध भी वैधानिक कार्रवाई होगी। शराब की अवैध बिक्री करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

#### पुलिस पहुंची लेकिन कार्यवाही नहीं की

परेशान महिलाओं ने खुद ही अवैध शराब बेच रहे संदीप पटेल के ठिकाने पर धावा बोल दिया। वहां से भारी मात्रा में शराब बरामद करने के बाद महिलाओं ने डायल 112 को फोन कर पुलिस बुलाई। महिलाओं का गंभीर आरोप है कि मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शराब जब्त करने या आरोपियों पर कार्रवाई करने से साफ इनकार कर दिया। पुलिस के बेपरवाह रवैये से नाराज होकर महिलाएं जब्त की गई शराब खुद लेकर एसपी कार्यालय पहुंच गईं। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने आरोप लगाया कि स्लीमनाबाद थाने में पदस्थ कुछ पुलिसकर्मी पर शराब माफियाओं से पैसे लेते हैं इसीलिए वे शिकायतों पर कार्रवाई नहीं करते। महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि अब भी गांव में शराब की बिक्री बंद नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन को बाध्य होंगी।

---



# जिले में 497 क्विंटल से अधिक कोदो उपार्जित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत समर्थन मूल्य पर कटनी जिले के इतिहास में किसानों से पहली बार हो रहे कोदो-कुटकी के उपार्जन में जिले में अब तक 53 किसानों से 497.99 क्विंटल कोदो का उपार्जन किया जा चुका है। जबकि कोदो उपार्जन के विरूद्ध किसानों को 12 लाख 44 हजार 973 रूपये का भुगतान किया जाएगा। उपार्जित कोदो का शत-प्रतिशत परिवहन किया जा चुका है।

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले में किसानों की सुविधा के लिए कोदो कुटकी का उपार्जन म.प्र. राज्य वेयर हाउस, मझगंवा, बड़वारा के उपार्जन केन्द्र पर किया जा रहा है। इस उपार्जन केंद्र का संचालन संगम बी.डी. कृषक उत्पादक संगठन द्वारा किया जाएगा। जिले के 309 किसानों ने ई-उपार्जन पोर्टल पर अपनी फसल बेचने के लिए पंजीयन कराया है। कोदो-कुटकी की खरीदी 15 जनवरी 2026 तक की जायेगी।

श्रीअन्न उत्पादक जिले के कृषकों से श्रीअन्न कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा कोदो-कुटकी का उपार्जन किया जा रहा है। खरीफ- 2025 में उत्पादित श्रीअन्न कुटकी 3500 रूपये प्रति क्विंटल एवं कोदो 2500 रुपये प्रति क्विंटल के मान से उपार्जन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कृषको को प्रोत्साहन राशि के रूप में 1000 रुपये प्रति क्विंटल के मान से संबंधित कृषकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रदाय किये जायेंगे। पंजीकृत किसानों से एफएक्यू मानकों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण उपज लेकर ही उपार्जन केंद्र पर आने की अपील की गई है।

---

### विभिन्न दक्षताओं पर हुई चर्चा, तैयार वीडियो का किया गया प्रदर्शन

# जिले की 153 शालाओं को निपुण बनाने हेतु शिक्षकों का उन्मुखीकरण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



प्राथमिक शालाओं को निपुण शाला बनाने हेतु कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर प्रथम चरण में जिले की 153 शालाओं के शिक्षकों का उन्मुखीकरण डाइट कटनी में संपन्न हुआ। उन्मुखीकरण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती हरसिमरनप्रीत कौर द्वारा लगभग 250 शिक्षकों से संवाद किया गया।

कार्यक्रम में सीईओ श्रीमती कौर ने कहा कि कुछ स्कूलों में शिक्षकों द्वारा बेस्ट प्रैक्टिसेज की जा रही है, जिनको अन्य स्कूलों के साथ साझा करने से सभी स्कूल निपुण स्कूल बनने की दिशा में तीव्रता से आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा रूपी वृक्ष की जड़ प्रारंभिक शिक्षा है। अतः हमें इस स्तर पर बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। सीईओ श्रीमती कौर ने डीएलएड छात्रों द्वारा तैयार सहायक शिक्षण सामग्री का भी अवलोकन किया तथा डाइट कटनी के कार्यों पर संतोष व्यक्त किया।

कार्यक्रम में सभी शिक्षकों द्वारा अपने स्कूल को निपुण स्कूल बनाने की शपथ ली गई। प्राचार्य एमपी डुंगडुंग ने कहा कि डाइट कटनी शिक्षकों के अकादमिक समर्थन के लिए सदैव तैयार है। जबकि डीपीसी प्रेम नारायण तिवारी ने कहा कि अकादमिक सुधार जिला शिक्षा केंद्र की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। वहीं प्रशिक्षण प्रभारी वरिष्ठ व्याख्याता राजेंद्र असाटी ने कहा कि प्रशिक्षण की सीख को सभी शिक्षक विद्यालय में लागू करें तथा अपनी प्रैक्टिसेज को निरंतर साझा करें। उन्मुखीकरण के दौरान विभिन्न दक्षताओं पर गहन चर्चा की गई। विभिन्न आधारभूत अवधारणाओं, मौखिक भाषा विकास, ध्वनि जागरूकता, वर्ण मात्रा पहचान, शब्द भंडार, धारा प्रवाह पठन, लेखन, स्वतंत्र पठन, गणितीय बातचीत, दक्षता, अभ्यास दक्षता, कौशल, गणितीय खेल पर शिक्षकों द्वारा तैयार वीडियो का प्रदर्शन भी किया गया।

---

### जन सुनवाई में 139 आवेदकों ने बताई अपनी समस्यायें



प्रभारी कलेक्टर हरसिमरनप्रीत कौर की मौजूदगी में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में अधिकारियों ने यहां पहुंचे 139 आवेदकों की समस्यायें व शिकायते सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिये। इस दौरान अपर कलेक्टर नीलाम्बर मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर जितेन्द्र पटेल, डिप्टी कलेक्टर द्वय विंकी सिंहमारे उईके और ज्योति लिल्हारे एवं एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी मौजूद रहें।

---

### प्रयोगशाला में नमूना अमानक पाये जाने के बाद की गई कार्यवाही

# गेहूँ का बीज अमानक पाये जाने पर हुई कार्यवाही, भंडारण एवं विक्रय प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

किसानों को गुणवत्ता पूर्ण खाद-बीज एवं कीटनाशकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने सघन जांच अभियान चलाने और प्रयोगशाला में नमूनों की जांच करवा कर अमानक खाद-बीज एवं कीटनाशक औषधि विक्रेताओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिए गए निर्देश के पालन उपसंचालक कृषि अरूणिमा सेन ने जिले में एक विशिष्ट लॉट के अमानक गेहूँ के बीज के भंडारण, विक्रय और प्रतिस्थापन को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया है।

उपसंचालक कृषि अरूणिमा सेन ने बताया कि बीज उत्पादक संस्था हलधर एग्री बिजनेस उज्जैन के गेहूँ एलओके-1 बीज की किस्म लॉट नंबर MAR-25-12-5088-73 का नमूना घंटाघर कटनी स्थित विक्रय संस्थान मेसर्स मूसेराम किशन प्रसाद से लिया गया। बीजों के नमूने प्रयोगशाला जांच में अमानक पाये जाने के बाद बीज गुण नियंत्रण आदेश 1983 की धारा 11 के अंतर्गत के बीज के भंडारण, विक्रय और प्रतिस्थापन को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

#### स्पष्टीकरण करें प्रस्तुत

उपसंचालक ने बीज उत्पादक संस्था हलधर एग्री बिजनेस देवास रोड इंडस्ट्रीयिल एरिया नागजिरी उज्जैन से अमानक लॉट की कितनी मात्रा जिले में प्रदाय की गई है एवं अमानक बीज क्रय-विक्रय संबंधी जानकारी सहित अपना स्पष्टीकरण एक सप्ताह के अंदर कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। अन्यथा की स्थिति में बीज गुण नियंत्रण आदेश 1983 के अनुरूप कार्यवाही की जावेगी जिसके लिये उत्पादक संस्था स्वयं जिम्मेदार होंगी। साथ ही, मेसर्स मूसेराम किशन प्रसाद घंटाघर कटनी व आर.पी. कृषि केंन्द्र बडवारा को भी निर्देशित किया है कि अमानक बीज क्रय व विक्रय संबंधी अभिलेखों सहित अपना स्पष्टीकरण एक सप्ताह के अंदर प्रस्तुत करें।

---

### 45907 किसानों ने बेची धान, 588 करोड़ का हुआ भुगतान

# जिले में अब तक 3 लाख 79 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान उपार्जित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में 1 दिसंबर से समर्थन मूल्य पर शुरू हुये धान उपार्जन में मंगलवार 6 जनवरी तक कुल 45 हजार 907 कृषकों से अब तक 3 लाख 79 हजार 996 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। जिले में अब तक 59 हजार 171 कृषकों द्वारा स्लॉट की बुकिंग की जा चुकी है तथा 2 लाख 86 हजार 692 मीट्रिक टन के स्वीकृति पत्रक भी जारी किये जा चुके है। साथ ही अब तक कृषकों को उपार्जित धान का 588.44 करोड़ रुपये का भुगतान भी किया जा चुका है।

#### उपार्जन में बहोरीबंद अग्रणी

जिले में अब तक समर्थन मूल्य पर हुए धान उपार्जन के मामले में तहसील बहोरीबंद अग्रणी है। यहां अब तक की स्थिति में कुल 9151 किसानों से 77 हजार 328 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। जबकि दूसरे नंबर पर तहसील ढ़ीमरखेड़ा में 8470 किसानों से 59 हजार 428 मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर उपार्जित की जा चुकी है।

इसी प्रकार बड़वारा तहसील में अब तक 6533 किसानों से 48 हजार 77 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई है। जबकि रीठी तहसील में 5044 कृषकों से 47 हजार 916 मीट्रिक टन धान उपार्जित की जा चुकी है। विजयराघवगढ़ तहसील में अब तक की स्थिति में 5332 किसानों से 43 हजार 734 मीट्रिक टन धान उपार्जित की गई है। वहीं बरही तहसील में 4369 किसानों से 38 हजार 444 मीट्रिक टन धान उपार्जित की जा चुकी है।

इसके अलावा स्लीमनाबाद तहसील में 3431 किसानों से 31 हजार 247 मीट्रिक टन, कटनी नगर तहसील में 2054 किसानों से 21 हजार 288 मीट्रिक टन और कटनी ग्रामीण तहसील में 1523 किसानों से 12 हजार 533 मीट्रिक टन तथा धान की खरीदी की जा चुकी है।

कलेक्टर श्री तिवारी ने धान उपार्जन कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों को धान उपार्जन केन्द्रों में तिरपाल, पन्नी सहित अन्य समस्त आवश्यक इंतजाम पुख्ता रखनें के निर्देश दिए है। इसके अलावा कलेक्टर ने खरीदी केन्द्र प्रभारियों और इस कार्य से संबंधित सभी अधिकारियों को दो टूक लहजे मे निर्देशित किया है कि किसानों के हित से जुड़े मामले में किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

---

### किसानों ने पान की फसल में हुये नुकसान की दी जानकारी

# संयुक्त टीम ने पान बरेजों का किया सर्वे, फसल क्षति का किया आंकलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान





पान उत्पादक किसानों की फसल खराब होने से हुई आर्थिक क्षति की हरभूमि में प्रकाशित खबर के बाद प्रशासनिक निर्देशों पर संयुक्त टीम ने बरेजा का निरीक्षण कर सर्वे किया। पटवारी एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने मैदानी स्तर पर पहुंचकर पान बरेजों का व्यापक सर्वे कर संभावित नुकसान की वास्तविक स्थिति का निष्पक्ष मूल्यांकन करना रहा, ताकि तथ्यों के आधार पर आगे की प्रशासनिक प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके।

सर्वे के दौरान पटवारी हल्का नंबर 23 बम्हनी के हल्का पटवारी अनिल गौटिया, सौरभ गर्ग एवं शैलेंद्र झरिया उपस्थित रहे। वहीं कृषि विभाग की ओर से कुमारी निशा सोलंकी, श्रीमती स्नेह लता कोरचे एवं श्रीमती अश्विनी पटेल ने मौके पर पहुंचकर पान की फसल की स्थिति का तकनीकी रूप से निरीक्षण किया। ग्राम स्तर पर कोटवार आनंद दहिया एवं नेमचंद दहिया की मौजूदगी में सर्वे कार्य किया गया, जिससे प्रक्रिया की पारदर्शिता बनी रही। सामाजिक सहभागिता के रूप में DCS लोकल यूथ से रणजीत चक्रवर्ती एवं शुभम लोधी भी टीम के साथ मौजूद रहे।संयुक्त टीम ने ग्राम क्षेत्र के विभिन्न पान बरेजों का निरीक्षण कर मौके पर वास्तविक हालात का अवलोकन किया। इस दौरान पान उत्पादक किसान ज्ञानचंद चौरसिया, कमलेश चौरसिया, राजेश चौरसिया, बृजेश चौरसिया, रामकुमार चौरसिया एवं दुर्गेश चौरसिया सहित अन्य किसानों ने अपनी-अपनी पान की फसल सर्वे टीम को दिखाई और हुए नुकसान की जानकारी दी।

टीम ने किसानों से संवाद कर फसल की स्थिति, देखरेख एवं प्रभावित क्षेत्रों से संबंधित आवश्यक विवरण संकलित किए। प्रशासनिक अमले द्वारा किए गए इस मैदानी सर्वे को किसानों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील पहल के रूप में देखा जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि सर्वे के माध्यम से एकत्रित की गई जानकारी के आधार पर नियमानुसार रिपोर्ट तैयार कर उच्च स्तर पर प्रस्तुत की जाएगी, जिससे आगे की आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। प्रशासनिक सक्रियता से क्षेत्र के पान उत्पादकों में विश्वास का माहौल बना है।

---

# 97 स्थलों से भेजे सेम्पल, 71 की जांच में मानक अनुरूप मिली पानी की गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने एवं जलजनित बीमारियों की रोकथाम के उद्देश्य से कलेक्टर श्री आशीष तिवारी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में नगर नगर निगम द्वारा रोजाना पेयजल की गुणवत्ता जांच की जा रही है।

प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा ने बताया कि इस कार्य में संलग्न निगम की टीम द्वारा रोजाना नगर में विभिन्न माध्यमों से की जाने वाली पेयजल सप्लाई के दौरान डोर टू डोर नागरिकों से संपर्क कर जलापूर्ति की जांच सहित जल का सेंपल एकत्रित करने का कार्य कर रहे है। जिसके तहत मंगलवार तक नगर के विभिन्न 97 स्थलों से पानी के सेंपल लिए जाकर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए है। जिसमें विभिन्न अलग अलग स्थलों के 71 सैंपलों की जांच के दौरान पानी की गुणवत्ता मानक अनुरूप पाई गई है। शेष 26 नमूनों की सैंपलिंग की रिपोर्ट आना शेष है।

नागरिकों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने हेतु मंगलवार प्रातः विभिन्न माध्यमों से होने वाली प्रातःकालीन पेयजल सप्लाई के दौरान बाबा नारायण शाह वार्ड, रॉबर्ट लाइन, कुम्हार मोहल्ला, पुरानी टंकी झिंझरी, नई टंकी बिलहरी मोड, निषाद स्कूल केवट कालोनी एवं नरेंद्र मार्ग गली, सिविल लाइन, घंटाघर, झंडा बाजार, कनकने स्कूल टंकी साहू मोहल्ला, हाउसिंग बोर्ड पानी टंकी, मदनमहल चौबे वार्ड , गुरुनानक वार्ड जंगल दफ्तर, काली माता मंदिर हॉस्पिटल लाइन, सुधार न्यास कालोनी, मानसरोवर कालोनी, संजय नगर मुक्तिधाम रोड सहित श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के विभिन्न स्थलों की पेयजल सप्लाई के सेंपल लिए जाकर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए।

#### पेयजल संबंधी शिकायत की तत्काल सूचना देने अपील

नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से पेयजल संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर तत्काल निगम के हेल्पलाइन नंबर 9351136230 में सूचना देने की अपील की गई है, ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें।

## खबर संक्षेप



### मां वीरासन मंदिर में पूजन कर संभाला चौकी का पदभार

**सिलौंडी।** सिलौड़ी पुलिस चौकी में नवपदस्थ चौकी प्रभारी अनिल पाण्डेय ने औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार संभालने के बाद उन्होंने क्षेत्र की प्रसिद्ध वीरासन माता मंदिर पहुंचकर दर्शन किए और क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रहने की कामना की । पदभार ग्रहण के अवसर पर चौकी स्टाफ मौजूद रहा । चौकी प्रभारी अनिल पाण्डेय ने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत करना, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, तथा जनता से संवाद बढ़ाकर विश्वास कायम करना रहेगा । उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अवैध गतिविधियों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी और शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा । स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने भी नए चौकी प्रभारी का स्वागत किया और उनसे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपेक्षा जताई।पदभार ग्रहण के बाद चौकी प्रभारी ने रिकॉर्ड-रजिस्टर का अवलोकन किया तथा स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### संचार संकर्म समिति की बैठक 7 जनवरी को

**कटनी।** संचार संकर्म समिति की बैठक का आयोजन 7 जनवरी 2026 को दोपहर 1 बजे से जिला पंचायत के सभागार में किया जाएगा। बैठक में लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल विकास निगम, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा 2 वर्ष में कराये गये निर्माण कार्यों की समीक्षा की जायेगी। संचार संकर्म समिति के सचिव ने बैठक मे सभापति अजय कुमार गौटिया सहित सदस्य संचार संकर्म समिति जिला कटनी सर्व श्रीमती शीला सिंह, सुश्री माला मौसी, श्रीमती कविता पंकज राय के साथ-साथ सभी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को मौजूद रहने का आग्रह किया है।

### एक्सपोजर विजिट पर 40 सदस्यों का दल पहुंचेगा झारखंड

**कटनी।** जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने मध्यप्रदेश राज्य के निर्वाचित जनप्रतिनिधियो एवं अधिकारियों के झारखंड एक्सपोजर विजिट हेतु 40 प्रतिभागियों जिनमें सरपंच, जनपद सदस्य,सचिव, ग्राम रोजगार सहायक सहित अन्य लोक सेवकों को नामांकित किया है। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत नामांकित प्रतिभागी 10 जनवरी 2026 तक झारखंड राज्य में पांच दिवसीय एक्सपोजर विजिट गतिविधियों में शामिल होंगे। नामांकित प्रतिभागियों में समस्त जनपद पंचायतों के जनप्रतिनिधि एवं लोक सेवक शामिल किए गए है।

### ट्रक ने बस को मारी टक्कर, वाहन क्षतिग्रस्त

**कटनी।** तेज रफ्तार ट्रक ने आगे चल रही यात्री बस को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बस में सवार कई यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। हादसा पन्ना–कटनी मार्ग पर मंगलवार दोपहर को हुआ। जानकारी के अनुसार बस क्रमांक MP 21 P 0283 कटनी से पन्ना की ओर जा रही थी। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक MP 21 G 2220 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बस को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का पिछला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस प्रशासन तत्काल सक्रिय हो गया। सूचना पर पुलिस कर्मी मौके पर पहुँचे। पुलिस टीम ने बस में फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला और घायलों को मौके पर ही प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया। दुर्घटना के कारण कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात बाधित हो गया था, जिसे पुलिस की तत्परता से जल्द ही सुचारू रूप से बहाल कर दिया गया।

---

#### पुलिस अधीक्षक ने बाकल थाना का निरीक्षण कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश

# अपराधों की रोकथाम हेतु संवेदनशील क्षेत्रों करें में नियमित पेट्रोलिंग, लगवायें कैमरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद





पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा थाना बाकल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना बाकल में पदस्थ परिवीक्षाधीन उप पुलिस अधीक्षक सुश्री शिवा पाठक द्वारा थाना प्रभारी के रूप में विगत दो माह में किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर अनुविभागीय पुलिस अधिकारी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी भी उपस्थित रहीं।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाने में संधारित किए जाने वाले विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों का गहन परीक्षण किया गया। ग्राम अपराध पुस्तिकाओं का निरीक्षण कर आवश्यक पूर्ति के निर्देश दिए गए। साथ ही जप्ती रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर, एनसीआर रजिस्टर का अवलोकन किया गया। थाने में उपलब्ध आर्म्स एवं एम्यूनिशन का भौतिक सत्यापन किया गया।इसके अतिरिक्त मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के अंतर्गत जप्त वाहनों के रिकॉर्ड का निरीक्षण कर उनके सुव्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देशित किया गया।

थाना परिसर स्थित हवालात (कारागार) का भी निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशिक्षु डीएसपी थाना प्रभारी सुश्री शिवा पाठक को बेसिक पुलिसिंग के साथ-साथ थाने की समस्त प्रक्रियाओं को गंभीरता से सीखने, प्रत्येक कार्यवाही को गहराई से समझने एवं स्वयं के स्तर से प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने की समझाइश दी गई।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने जनसुनवाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया, कहा कि प्रत्येक फरियादी को संवेदनशीलता, सम्मान एवं धैर्य के साथ सुना जाए। थाने में आने वाला प्रत्येक नागरिक यह अनुभव करे कि उसकी समस्या को गंभीरता से लिया जा रहा है। जनविश्वास को सुदृढ़ करना पुलिस की प्रथम जिम्मेदारी है। थाने की रात्रिकालीन कार्यप्रणाली, अपराध नियंत्रण व्यवस्था, गश्त, बीट ड्यूटी एवं लंबित शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की गई। अपराधों की प्रभावी रोकथाम हेतु रात्रि गश्त को और अधिक सुदृढ़ करने, संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित पेट्रोलिंग, संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग तथा प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा सीसीटीवी कैमरा लगाने के अभियान को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। प्रमुख चौराहों, बाजारों, संवेदनशील स्थलों एवं ग्राम क्षेत्रों में अधिक से अधिक कैमरे स्थापित कर निगरानी व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए, जिससे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सके।

नशे के विरुद्ध सतत शिकंजा अभियान चलाने, अवैध नशे के कारोबार पर कठोर कार्रवाई करने तथा जनसेवा आधारित पुलिसिंग को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। यातायात जागरूकता अभियानों को निरंतर प्रभावी रूप से संचालित करने, आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सख्त एवं प्रभावी प्रवर्तन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।

---



## सवा किलो गांजा एवं बाइक किया जब्त, तस्कर को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कोतवाली पुलिस ने कैलवारा बायपास के पास गांजे की तस्करी कर रहे एक युवक को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से करीब सवा किलो गांजा और तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की गई है।

जानकारी के अनुसार, थाना प्रभारी निरीक्षक राखी पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम रविवार को कैलवारा बायपास और भिलाई मोड़ के आसपास पैट्रोलिंग कर रही थी। इसी दौरान भिलाई मोड़ के पास एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में मोटरसाइकिल पर बैठा दिखाई दिया। पुलिस ने जब उससे पूछताछ की, तो वह घबराने लगा। संदेह होने पर जब मोटरसाइकिल की तलाशी ली गई, तो टंकी पर जैकेट से ढकी हुई एक सफेद तौलिया की गठरी मिली, जिसमें खाकी टेप से लिपटा हुआ मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। आरोपी पर NDPS एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान रविन्द्र बर्मन (40 वर्ष), निवासी ग्राम पड़वई थाना बड़वारा के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके पर गवाहों की उपस्थिति में गांजे का वजन कराया जो कुल 1.228 किलोग्राम पाया गया। बरामद गांजे की बाजार कीमत करीब 13 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 16/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।

कार्यवाही में थाना प्रभारी राखी पाण्डेय, उपनिरीक्षक कुलदीप सिंह, आरक्षक अजय प्रताप सिंह, अमित सिंह, उपेन्द्र सिंह, सतीश सिंह, हरिओम सिंह, रोहित सिंह और लुटेश प्रजापति की भूमिका रही।

---

## प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दें, लागत कम एवं बढ़ती है उर्वरक क्षमता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



मप्र जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक के मार्गदर्शन मे नवांकुर संस्था युवा सवेरा समिति के सयुक्त तत्वावधान में ग्राम स्तर पर किसानों को आत्मनिर्भर एवं रसायनमुक्त कृषि की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से प्राकृतिक खेती पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष प्रकाश चंद्र साहू, जनपद सदस्य संतोष माझी, कृषि विभाग से प्रभारी एसएडीओ सुमा मरकाम , आत्मा परियोजना से एडीएओ रजनी चौहान, बीसी अतुल सिंह, जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक जगन सिंह मसराम उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय विशेषज्ञ ताराचंद्र बेल संस्थापक प्राकृतिक खेती शोध संस्थान बालाघाट, के द्वारा किसानों को रसायनमुक्त खेती, देशी बीजों का उपयोग, जीवामृत, घनजीवामृत, बीजामृत निर्माण, प्राकृतिक कीट नियंत्रण, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण एवं कम लागत में अधिक उत्पादन की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई।

प्रशिक्षण के दौरान किसानों को प्राकृतिक खेती के सफल उदाहरणों से भी अवगत कराया गया। प्रशिक्षण शिविर में जैविक प्रचारक हीरामणि हल्दकार ने कहा कि प्राकृतिक खेती न केवल किसानों की लागत कम करती है, बल्कि भूमि की उर्वरता बढ़ाकर मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह पद्धति किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रभावी कदम है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय पप्पू मिश्रा जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधी के द्वारा अधिक से अधिक किसानों को प्राकृतिक खेती करने और धरती पुत्र अन्नदाता बनने के लिए आवाहन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मेवालाल अग्रवाल ने किसानों के लिए आर्थिक उन्नति का संसाधन मानते हुए अधिक से अधिक संख्या में प्राकृतिक कृषक बनने की अपील की गई।आत्मा परियोजना से रजनी चौहान एवं सुमा मरकाम के द्वारा विभाग की प्राकृतिक कृषि के लिए संचालित योजना की जानकारी किसानों को दी गई।

परिषद के जिला समन्वयक डॉ तेज सिंह केश वाल के द्वारा प्राकृतिक खेती के लिए स्वर्णिम युग मानते हुए बीमारी मुक्त जीवन जीने एवं शरीर को स्वस्थ बनाने के लिए आवश्यक भोजन प्राप्ति के लिए हमें हर हाल में प्राकृतिक खेती करना होगा का आवाहन करते हुए अधिक से अधिक संख्या में किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए अपील की गई।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्राम के किसान, स्वयंसेवक एवं नवांकुर संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी, सीएमसीएलडीपी छात्र बजरंग दल के पधाधिकारी गण, उपस्थित रहे।

---

## 10 दिवसीय बाकल चंडी मेले का हुआ समापन



जिले के सबसे बड़े मेलो में शुमार बाकल चंडी मेला का उत्साह व उल्लास के साथ मंगलवार को समापन हो गया। जैसे जैसे मेला समाप्ति की ओर बढ़ा भारी भीड़ मेले में उमड़ी। ग्राम पंचायत बाकल द्वारा लगाये जाने बाले चंडी मेले मे विभिन्न प्रांतो से व्यापारी आकर यहां अच्छा खासा व्यवसाय करते हैं वहीं वर्ष भर से उम्मीद लगा कर बैठे बच्चों एवं महिलाओं में मनोरंजन के साधनों सहित विभिन्न घरेलू सामग्री एवं शादी विवाह से संबंधित बड़े आइटमों की खरीदी मुख्य तौर पर इस मेले में की जाती है! बाकल मेले मे विगत वर्षो की भांति इस वर्ष मनोरंजन एवं व्यवसाय की दृष्टि से मेले का सफल आयोजन ग्राम पंचायत बाकल के निर्देशन मे संपन्न किया गया!मेले में क्षेत्रीय स्थानीय जनों ने हवाई झूले ड्रेगन झूला ब्रेक डांस मिक्की माउस मैजिक ट्रेन जंपिंग जपाक जादूगर आदि के साथ चटपटी चाट का स्वाद लिया। वही पारिवारिक कार्यक्रमों को लेकर परिजनो ने आकर्षक सोफे लकडी से बनी कुर्सियाँ बेचे, तखत सहित आलमारियो आदि की मेले मे जमकर खरीददारी की गई। सराफा व्यवसाय मे रही मंदी–विगत वर्षा की भांति आसमान छू रही सोने चांदी की कीमतो को लेकर स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि इस बर्ष सोना चांदी का विक्रय बहुत मंदा रहा। ग्राम पंचायत सरपंच मनोज पटेल ने मेला के सफल आयोजन के लिए मेले मे आए सभी व्यापारियों पुलिस विभाग राजस्व विभाग विद्युत विभाग सहित सभी सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

---

#### बालक की जल्द तलाश करने एसआईटी गठन की मांग, आंदोलन की चेतावनी

## लापता बालक की तलाश करने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



बरही क्षेत्र से लापता हुए 10 वर्षीय बालक दिव्यराज सिंह चंदेल की तलाश को लेकर राजपूत करणी सेना ने 6 जनवरी को राजपूत करणी सेना के जिला व संभागीय पदाधिकारी बड़ी संख्या में एसपी कार्यालय पहुंचे और मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष जांच दल (SIT) के गठन सहित अन्य मांगों को लेकर एडिशनल एसपी संतोष डेहरिया को ज्ञापन सौंपा।

करणी सेना के पदाधिकारियों ने एडिशनल एसपी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि बालक के लापता होने से क्षेत्र में भय और आक्रोश का माहौल है। संगठन ने मांग की कि मामले की निष्पक्ष और तेज जांच के लिए SIT का गठन किया जाए, ताकि बालक को जल्द से जल्द सुरक्षित खोजा जा सके। इस दौरान एएसपी संतोष डेहरिया ने करणी सेना को आश्वस्त किया कि पुलिस पूरी तरह सक्रिय है और बालक की तलाश के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि दिव्यराज सिंह चंदेल को शीघ्र ही खोज लिया जाएगा।

ज्ञापन सौंपने के दौरान राजपूत करणी सेना के जिला अध्यक्ष सूर्यपाल सिंह सोनू सोलंकी, उपाध्यक्ष मंगल सिंह, संभाग मीडिया प्रभारी सुरजीत सिंह मंजू सोलंकी, संभागीय प्रवक्ता शैलेंद्र सिंह बघेल, राजेंद्र सिंह बघेल, बबलू सिंह, सुरजीत सिंह परिहार, शुभम सिंह गौतम, शरद सिंह परिहार सहित बड़ी संख्या में करणी सैनिक उपस्थित रहे। करणी सेना ने स्पष्ट किया है कि यदि जल्द ही बालक का पता नहीं चलता, तो संगठन आगे और उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

---

#### एनकेजे पुलिस ने की कार्यवाही, जुगिया कॉप में हुआ था विवाद

## घर में घुसकर मारपीट, पुलिस ने सात आरोपितों को किया गिरफ्तार, 2 फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



मारपीट के मामले में एनकेजे पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई है। प्रार्थी अहमद खान पिता अनार खान निवासी जुगियाकाप ने परिजनो के साथ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी भांजी की शादी को लेकर गाँव मे पंचायत लगी थी। गाव के अन्य लोग उपस्थित थे, पुरानी बात को लेकर शकील, गुलाम, नफीस, सादिक, जुदा, तरवेज, भूला, अरबाज, अख्तर विवाद करने लगे। विवाद के कारण वह पंचायत से अपने घर चला गया। पंचायत मे हुए विवाद को लेकर उक्त सभी ने घर के अन्दर घुस कर उसके साथ मारपीट की। मारपीट में पीड़ित को चोट आने के कारण आरोपियों के खिलाफ धारा 296बी, 115(2), 351(3), 333, 190, 191(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल टीम गठित कर 7 आरोपीयो को ग्राम जुगिया काप से घेराबंदी कर पकड़ा गया। मामले के दो आरोपी अरबाज खान, अख्तर खान घटना के बाद से फरार है जिनकी तलाश जारी है। मामले के गिरफ्तार शुदा आरोपीगड को न्यायालय के समक्ष पेश कर जिला जेल कटनी में निरूद्ध किया गया। मामले मे विवाद को उकसाने वाले, क्षेत्र मे अशांति फैलाने वाले अराजक तत्वो के विरुध्द भी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर एसडीएम कार्यालय पेश किया गया।

पुलिस ने सादिक खान पिता जल्लुद खान उम्र 30 साल, तरबेज खान पिता गुलाम खान 22 साल, गुलाम खान पिता सत्तार खान उम्र 55 साल, शकील खान पिता जल्लुद खान उम्र 39 साल, नफीस खान पिता जल्लुद खान उम्र 32 साल, जल्लुद खान पिता सत्तार खान उम्र 60 साल, भूल खान पिता हवीब खान उम्र 52 साल सभी निवासी जुगिया काँप थाना एनकेजे कटनी को गिरफ्तार किया गया।

जबकि प्रतिबंधात्मक कार्यवाही साहिल खान पिता शेरू खान, रहवर खान पिता उनार खान, सरताज खान पिता शेरू खान, मनीष खान पिता गुलाम खान जुगिया काँप थाना एन.के.जे के खिलाफ की गई।

कार्रवाई में थाना प्रभारी उप.निरी. रुपेन्द्र राजपूत, उनि नरेश झारिया, प्र.आर. आशीष शुक्ला, प्र.आर. राजेश परिहार, प्र. आर. गणेशदत्त, प्र.आर. राजेन्द्र सोनी, आर विनोद मार्को की भूमिका रही।

---

#### कॉलेज चलो अभियान के तहत स्कूलों में पहुंचा प्राध्यापकों का दल

## विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन प्रवेश प्रक्रिया एवं व योजनाओ की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



शासकीय महाविद्यालयों मै शिक्षण सत्र 2026-27 मे विद्यार्थी अधिक से अधिक प्रवेश लें इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय बहोरीबंद के द्वारा कॉलेज चलो अभियान 2026 चलाया जा रहा है।अभियान के तहत महाविद्यालय की ओर से सह प्राध्यापक डॉ ज्योति ताम्रकार, दिव्या तिवारी, नवीन गौतम, राजेश उइके, विनय जैन, मंजू द्विवेदी, डॉ प्रीति तिवारी के साथ दल बहोरीबंद के शासकीय हायरसेकेण्डरी स्कूलों मै पहुँचा।जहां सह प्राध्यापक दल ने विद्यालय के विद्यार्थियो को प्रवेश प्रक्रिया के साथ प्रवेश के दौरान होने वाली विभिन्न परेशानियों एवं उस समय किन सावधानियों को ध्यान में रखना चाहिए के संबंध में विस्तार से जानकारियां दी।

महाविद्यालय में उपलब्ध पाठ्यक्रम, सुविधाओं, शासन द्वारा संचालित गांव की बेटी, मुख्य मंत्री मेधावी जैसी प्रोत्साहन एवं विभिन्न छात्रवृति योजनाओं जैसे संबल, आवास, एससी/एसटी,ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियो के लिए पोस्ट मैट्रिक के साथ संचालित अन्य योजनाओं से भी विद्यार्थियो को अवगत कराया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियों से विद्यार्थियो को अवगत कराते हुए उनकी विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। महाविद्यालय में उपलब्ध स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की जानकारी, रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों की अध्ययन की सुविधा, व्यक्तित्व विकास योजनाएं, एनसीसी, एनएसएस कौशल विकास की जानकारी, प्लेसमेंट की जानकारी, रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण की जानकारी, कैरियर अवसर मेला, व्यावसायिक पाठ्यक्रम, महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकरी एवं प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी स्कूलों में शिक्षकों द्वारा दी गईं। वही स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना, क्रीड़ा के साथ विभिन्न सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों के संबंध में भी विद्यार्थियो को अवगत कराया।कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, उपलब्ध पाठ्यक्रम, कैरियर अवसरों एवं प्रवेश प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया गया ।

इस दौरान महाविद्यालय की शैक्षणिक, प्रयोगशाला, खेल एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। कैरियर कॉउंसलिंग के माध्यम से विद्यार्थियों को विषय चयन, उच्च अध्ययन, रोजगार एवं कौशल आधारित शिक्षा के बारे में मार्गदर्शन दिया जाएगा।नई शिक्षा, नई दिशा के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रमुख प्रावधान बहुविषयक शिक्षा, क्रेडिट बैंक, कौशल आधारित पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम चयन, विषय चयन के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी जाएगी। आर्थिक सहायता, शैक्षिक सफलता अंतर्गत केंद्र, राज्य सरकार एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से अवगत कराया गया।

---

## अजा वर्ग के अभ्यर्थियों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

महर्षि वाल्मीकि प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिये अनुसूचित जाति वर्ग के अभ्यर्थियों को प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने हेतु आवेदन आंमत्रित किये गये हैं। योजनांतर्गत मध्यप्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति वर्ग के ऐसे युवा जिन्होंने जे.ई.ई. एडवान्स्ड परीक्षा उत्तीर्ण कर आई.आई.टी. में, एम्स प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर एम्स में, नीट प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर एम.बी.बी.एस. एवं बी.डी.एस. पाठ्यक्रमों में, क्लेट प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर एन.एल.आई.यू. में, एन.डी.ए. प्रवेष परीक्षा उत्तीर्ण कर राष्ट्रीय रक्षा अकादमी तथा पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया है तथा जिनके माता-पिता/पालक/स्वयं की आय 6 लाख रूपये वार्षिक तक है, उन्हें प्रोत्साहन राशि 50 हजार रूपये के मान से प्रदान की जायेगी। इसी प्रकार 6 लाख से अधिक एवं 10 लाख रूपये से कम आय सीमा होने पर आई.आई.टी, एम्स, एन.एल.आई.यू. एन.डी.ए तथा नीट (मेडिकल कॉलेज) हेतु 25 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि दी जायेगी।

वहीं जे.ई.ई. मेन्स प्रवेश परीक्षा के माध्यम से एन.आई.टी. में प्रवेश लेने पर प्रत्येक पात्र अभ्यर्थी जिनके माता-पिता/पालक/स्वयं की आय 6 लाख रूपये वार्षिक तक है, उन्हें प्रोत्साहन राशि 25 हजार रूपये के मान से प्रदाय की जायेगी। जबकि जिनकी वार्षिक आय 10 लाख रूपये से अधिक है, उन्हें प्रोत्साहन राशि की पात्रता नहीं होंगी। जिन विद्यार्थियों ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 में उपरोक्त शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश लिया हो। वे अपने आवेदन 28 फरवरी तक जमा कर सकते हैं।

लापरवाही व अनदेखी: झलौन मार्ग पर हुए हादसे के बाद कार के टायर व अन्य पार्ट्स चोरी, पूर्व में भी यही हुआ, कई दिनों तक वाहनों को नहीं लेते अभिरक्षा में

# दुर्घनाओं में क्षतिग्रस्त वाहनों के पार्टस हो रहे चोरी







## एक नजर घटनाओं और पार्ट्स चोरी पर

**मामला 1 -** एक जनवरी को झलौन मार्ग पर जबलपुर निवासी प्रदीप पाठक और अलका पाठक की नागबाबा के समीप सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी जबकि घटनास्थल पर कार क्रमांक एमपी 20सीएच 20.27 कार के सभी टायर सुरक्षित थे लेकिन पुलिस की अभिरक्षा के अभाव में दो दिन बाद कार के पीछे तरफ के दोनों टायर व अन्य सामग्री चोरी हो गई वर्तमान में कार पत्थरों के सहारे खड़ी हुई है।

**मामला 2 -** इसी तरह 18 जुलाई को दमोह तेंदूखेड़ा मार्ग पर पांजी सांगा के बीच एक कार बंदर को बचाने के चक्कर में सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई थी जिसमें माडनखेड़ा निवासी राजू लोधी व जितेन्द्र लोधी घायल हुए थे जिन्हें जबलपुर रेफर किया गया था लेकिन घटनाक्रम के 24 घंटे बाद भी कार क्रमांक एमपी 20 जीएस 1537 पुलिस ने अपनी अभिरक्षा में नहीं ली जिसके बाद तीसरे दिन इस बोलेरो कार के चारों टायर व अन्य सामग्री चोरी हो गई साथ ही कार के चारों ओर के कांच भी फोड़ दिया था।

**मामला 5 -** 25 नवंबर 2024 को थाना क्षेत्र अंतर्गत झलौन मार्ग पर एक बाइक सवार हादसे का शिकार हुआ था जिसकी बाइक घटनास्थल पर रात भर पड़ी रही लेकिन दूसरे दिन यहा भी चोरों ने बाइक के आगे रिंग ओर टायर बाइक से निकाल लें गए सिर्फ बाइक का आधा ढांचा और एक टायर इंजन बचा था।

**मामला 3 -** इसी तरह तारादेही थाना क्षेत्र अंतर्गत 1 दिसंबर 2025 को समनापुर के पास मक्का के भूसे से भरे ट्रक में शार्ट सर्किट से आग लगने से खाक हो गया था लेकिन डेढ़ महीने बीतने के बाद भी पुलिस ने अभी तक अभिरक्षा में नही लिया ना ही घटनास्थल से उठवाया जिसके कारण कोहरे में आए दिन बाइक सवार व अन्य वाहन हादसों हो रहे हैं साथ ही घटनास्थल से ट्रक की सामग्री चोरी हो रही है।

**मामला 4 -** 18 नवंबर 2024 को खकरिया मार्ग पर एक बाइक पेड़ से टकरा गई थी जिसमें नयागांव निवासी छोटू पिता रामेश्वर गौड़ की घटनास्थल पर मौत हो गई थी जबकि बाइक घटना के दूसरे दिन तक पेड़ से पास पड़ी रही लेकिन तीसरे दिन घटनास्थल से 50 फीट दूर जा पहुंची और बाइक की सामग्री चोरी हो गई जिसमें बाइक का ढांचा और एक टायर बचा था व आगे का टायर रिंग सीट पेट्रोल टंकी सहित अन्य पार्ट्स चोरी हो गई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

तेंदूखेड़ा ब्लॉक में सड़क हादसों के बाद पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आ रही है। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों की सुरक्षा के प्रति उदासीनता के चलते अब चोरों के हौसले बुलंद हैं हालत यह है कि हादसे के बाद कई दिनों तक वाहन घटनास्थल पर ही लावारिस पड़े रहते हैं, जहां से चोर उनके पार्ट्स ले जाते हैं स्थानीय नागरिकों और ग्राम समनापुर के निवासियों का कहना है कि कोहरे के इस मौसम में सड़क किनारे खड़े ये क्षतिग्रस्त वाहन बड़े हादसों को न्योता दे रहे हैं। नियमानुसार, दुर्घटना के तुरंत बाद पुलिस को वाहन अपनी कस्टडी में लेना चाहिए, लेकिन तेंदूखेड़ा और तारादेही क्षेत्र में महीनों तक कार्रवाई नहीं होती प्रशासन की इस चुप्पी से न केवल जनता की संपत्ति का नुकसान हो रहा है, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए जा रहे हैं क्योंकि क्षेत्र में ऐसी कई घटनाएं सामने आ चुकी है जहां सड़क हादसों के बाद वाहनों के पार्ट्स चुराकर चोर ले जाते हैं घटनास्थल पर सिर्फ वाहनों के ढांचा ही नजर आता है।

### पुलिस की लापरवाही और अनदेखी

राहगीरों ने बताया कि क्षेत्र में अनेक इस तरह के मामले सामने आ चुके हैं जहां घटना के एक एक सप्ताह तक घटनास्थल पर छतिग्रस्त वाहन पड़े रहते हैं जिससे हादसों का डर भी बना रहता है साथ ही इन वाहनों की सामग्री भी चोरी हो जाती है चोरों द्वारा रात के वक्त इन वाहनों की सामग्री चोरी की जाती है जब मार्ग पर सुनसान होता है और डर के कारण इन मार्गो से निकलने वाले वाहन व राहगीर रुकते नहीं है या फिर वाहनों की लाइट देखकर चोर झाड़ियों व पेड़ों की आड़ में छिप जाते हैं और वाहनों की सामग्री चोरी कर ले जाते हुए लेकिन इस और पुलिस की पड़ी लापरवाही व अनदेखी है जिसके कारण इस तरह की घटनाएं हो रही है।

### नगर वासियों का आरोप

वहीं नगरवासियों का कहना है कि पुलिस नगर की समस्यायों पर ध्यान नहीं दे रही है आए दिन मुख्य मार्ग पर जाम जैसे हालत निर्मित हो रहे हैं सड़क के दोनों ओर हाथ ठेलो का कब्जा है सड़क पर लोगों के वाहन खड़े किए जा रहे हैं दुकानदारों ने सड़क तक अपनी सामग्री रखकर कब्जा किए हैं लेकिन पुलिस द्वारा नगर की यातायात व्यवस्था बनाए रखने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है पुलिस की अनदेखी से ही हादसा ग्रस्त वाहनों के टायर व अन्य पार्ट्स चोरी हो रहे हैं जबकि नियम तहत जब हादसा घटित होता है तो उसी समय तत्काल पुलिस को इन वाहनों को बरामद व अभिरक्षा में लेकर थाना में सुरक्षित रखवाना चाहिए था पर पुलिस द्वारा ऐसा नहीं किया गया।

### थाना प्रभारी से बोलता हूं व जांच कराता हूं

इस संबंध में दमोह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत कुमार भदौरिया ने कहा कि यदि घटनास्थल पर वाहन खड़ा है और उसकी सामग्री चोरी हो रही है तो यह गलत है वे इस मामले में संबंधित थाना प्रभारी से बात कर जांच के निर्देश देंगे क्योंकि दुर्घनाग्रस्त वाहन को अभिरक्षा में लिया जाना चाहिए था।

# शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक के नेतृत्व में पी.एम.यू.एम. शिक्षक संघ, दमोह हटा के पदाधिकारियों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट कर कर्मचारी कल्याण कोष योजना से अवगत कराते हुए योजना के अंतर्गत प्रथम सहयोग के रूप में स्वर्गीय दिलीप सिंह लोधी जी के परिवार को 40 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की जानकारी दी गई। जहां मुख्यमंत्री ने कर्मचारी कल्याण कोष योजना की प्रशंसा करते हुए इसे अत्यंत सराहनीय पहल बताया। शिक्षक संघ के प्रांतीय संयोजक पवन कुमार खरे ने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव सर मुलाकात के दौरान पी.एम.यू.एम. शिक्षक संघ की द्वितीय प्रमुख मांग कैशलेश हेल्थ कार्ड की माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषणा किए जाने पर संघ की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा संघ की समस्त मांगों के शीघ्र निराकरण हेतु विनम्र आग्रह किया गया।इसी अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री माननीय श्री राजेन्द्र शुक्ल जी को भी कर्मचारी कल्याण कोष योजना की जानकारी दी गई जिन्होंने इस योजना की मुक्तकंठ से सराहना की। इस अवसर पर प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांत अध्यक्ष श्री छत्रवीर सिंह राठौर ने भी कर्मचारी कल्याण कोष योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे अपनी सभी बैठकों में इस योजना को प्रमुखता से रखेंगे। इस दौरान पी.एम.यू.एम. शिक्षक संघ, हटा ब्लॉक अध्यक्ष मनोज नामदेव पटेरा ब्लॉक अध्यक्ष पंकज जैन कमलेश ताम्रकार,ओमप्रकाश नामदेव, प्रदीप पटेल, संतोष कटारया, जितेंद्र प्यासी विधायक निज सहायक हटा सहित अन्य साथी उपस्थित रहे।

### महारूद्र महायज्ञ में पधारने मुख्यमंत्री को दिया निमंत्रण

**हटा।** बुंदेलखंड की उपकाशी नगरी हटा में आगामी महा शिवरात्रि पर्व पर 5 फरवरी से 15 फरवरी आयोजित होने बाले अति महारुद्र महायज्ञ एवं भागवत कथा के आयोजन के लिए प्रदेश की यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को कार्यक्रम में पधारने विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक के साथ भाजपा युवा नेता पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनुराग वर्धन सिंह हजारी ने आमंत्रित किया जहां मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आश्वासन दिया।

# स्वास्थ्य शिविर में शामिल हुए दमोह सांसद



**जबेरा।** सर्वभौम श्री सिद्धेश्वर सहयोग संगठन फाइव एस जबेरा के तत्वाधान में संगठन के सदस्य जितेंद्र सिंह ठाकुर की स्मृति में लाइफ मेडिसिटी हॉस्पिटल जबलपुर से पहुंचे विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा मंगलवार को ऑडिटोरियम जबेरा में निःशुल्क स्वस्थ शिविर का आयोजन किया गया जिसमे लगभग 200 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं इलाज किया गया। जिसमें दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने पहुंचकर संगठन के सदस्य जितेंद्र सिंह ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित की और स्वास्थ्य शिविर में आए मरीजों का हाल-चाल जानते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान संगठन के सदस्यों द्वारा सांसद श्री लोधी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। वही फाइव एस संगठन के सदस्यों ने चार सूत्रीय मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें जबेरा को अतिशीघ्र नगर पंचायत बनाए जाने को प्राथमिकता दी गई। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि रूपेश सेन, मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे, राजेश सिंघई, रानू नामदेव, मोंटू बाजपेई, अखलेश सोनी, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष ओपी शर्मा, नीरज जायसवाल, मुकेश ठाकुर, राजकुमार सोनी, लाखन ठाकुर, अजय तिवारी, लालमन साहू सहित संगठन के सदस्यों की उपस्थिति रही।

# बूथ स्तर तक सक्रिय रहकर संगठन का कार्य करना है - श्याम शिवहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिला संगठनात्मक कामकाजी बैठक आयोजित हुई, जिसमें संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई। बैठक में प्रदेश महामंत्री एवं सागर संभाग प्रभारी गौरव रणदिवे मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने की। बैठक में दमोह लोकसभा सांसद राहुल सिंह, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह,हटा विधायक श्रीमती उमा देवी खटीक, बीएलए 1 सिद्धार्थ मलैया, सतेंद्र सिंह, बहादुर पटैल, नरेन्द्र सराफ, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता पटैल, उपाध्यक्ष श्रीमती मंजू कटारे, पूर्व विधायक पी. एल. तंतुवाय, जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी, अरुण तिवारी, महेश पटैल मंचासीन रहे। बैठक के पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे एवं कार्यकताओं ने प्रदेश महामंत्री का जिला कार्यालय में स्वागत किया। बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को लेकर निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार विकास कार्यों के साथ-साथ सामाजिक, लोकहितकारी, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्रों में भी सक्रिय पहल कर रही है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि विकसित भारत 2047 के संकल्प के प्रति संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता पूर्णतः प्रतिबद्ध है। कड़ाके की शीतलहर के बावजूद दूरस्थ ग्रामांचलों से पहुंचे ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति संगठन के प्रति उनकी दृढ़ता, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करती है। उन्होंने कहा कि सघन गहन पुनरीक्षण का कार्य संगठन को मजबूत करने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि संगठन की वास्तविक ताकत को जमीन पर मजबूत करना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि बूथ स्तर पर प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भागीदारी से ही मतदाता सूची शुद्ध, विश्वसनीय और सशक्त बन सकती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे मतदाता सूची के सत्यापन कार्य को पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ करें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं और अपात्र नाम सूची में शामिल न हों। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ और जागरूक कार्यकर्ता ही संगठन की सफलता की कुंजी हैं। बैठक में जिला उपाध्यक्ष संजय सेन, अमित बजाज गोलू, संजय यादव, मनीष तिवारी, राघवेंद्र परिहार, करन सिंह लोधी, जिला मंत्री कपिल शुक्ला, भारत सिंह लोधी, रानू नामदेव, जिला मीडिया प्रभारी प्रिंस जैन, कार्यालय मंत्री देवकी नंदन पटैल, कोषाध्यक्ष सुरेश पटैल, आईटी सेल प्रभारी रिंकू गोस्वामी, सोशल मीडिया प्रभारी संदीप शर्मा सहित मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारियों की उपस्थिति रही।

## पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्रा गौरी कटारिया को किया सम्मानित



**दमोह।** प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस दमोह में उन्मुक्त सर्व जन कल्याण समाज सेवी संस्था दमोह द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर एवं विधायक प्रतिनिधि सिद्धार्थ मलैया द्वारा जिले की विधायक पेंटिंग प्रतियोगिता में सेंट जॉन सीनियर सेकेंडरी स्कूल दमोह की छात्रा गौरी कटारिया को विशिष्ट श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। गौरी कटारिया में कक्षा छठवीं की छात्रा है उनकी माता ममता कटारिया ग्रहणी हैं और पिता पी.जी.कॉलेज में प्राध्यापक हैं।

## मुनि श्री प्रमाण सागर जी ससंघ की जुझार ग्राम में हुई मंगल अगवानी

**दमोह।** आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं आचार्य समय सागर जी के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री प्रमाण सागर जी का संघ सहित कुंडलपुर से जबलपुर की तरफ पद विहार चल रहा है। मंगलवार को बांदकपुर ग्राम में आहार चर्या उपरांत मुनि संघ का जुझार मार्ग पर विहार हुआ। इस अवसर पर मंगलवार दोपहर जुझार ग्राम में प्रवेश पर रंगोली सजाकर तथा प्राद प्रच्छालन करके मुनि श्री प्रमाण सागर जी संघ की मंगल आगवानी की गई। पत्रकार राजेन्द्र अटल मनीषा जैन परिवार के साथ नन्हें मंदिर महिला मंडल ने प्रथम पाद प्रच्छालन करके मुनि श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात जुझार ग्राम के श्री नेमिनाथ जिनालय में मुनि संघ का मंगल प्रवेश हुआ। इस अवसर पर अनिल गुड्डू मम्मा, पदम जैन सहित जुझार समाज के अन्य लोगो ने मुनि संघ की अगवानी करते हुए प्राद प्रच्छालन किया। रास्ते मे साखा ग्राम में स्कूली बच्चों तथा शिक्षकों के निवेदन पर मुनि श्री स्कूल मंच पर पहुंचे जहां उनके द्वारा छात्राओं को नैतिक शिक्षा के साथ मंगल आशीर्वाद प्रदान किया गया। शाम को मुनि श्री प्रमाण सागर जी का चर्चित शंका समाधान कार्यक्रम घांगरी स्कूल परिसर में संपन्न हुआ। बुधवार सुबह मुनि संघ का बिहार जबलपुर की तरफ होगा देखना होगा आहारचार्य का सौभाग्य नोहटा समाज को मिलता है या जबेरा समाज को।

## जबेरा में महुआ कुकीज इकाई का शुभारंभ



**जबेरा।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जबेरा में महिला स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दमोह सांसद राहुल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में विशेष तौर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्वदेशी उत्पादों की श्रृंखला के अंतर्गत "महिला कुकीज इकाई" नामक पहल की शुरुआत की गई, जिसमें स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा महुआ से कुकीज बनाने का कार्य किया जाएगा। यह पहल ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद राहुल सिंह ने कहा कि लगभग एक वर्ष पूर्व देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने "मन की बात" कार्यक्रम में छिंदवाड़ा की स्व-सहायता समूह की महिलाओं से महुआ कुकीज को लेकर चर्चा की थी। तभी से उनकी यह इच्छा थी कि दमोह लोकसभा क्षेत्र की महिलाएं भी इस नवाचार से जुड़ें। उन्होंने बताया कि इस विचार को साकार करने के लिए उन्होंने तत्काल अधिकारियों को निर्देश दिए और आज यह देखकर उन्हें अत्यंत खुशी हो रही है कि यह कार्य दमोह लोकसभा क्षेत्र में सफलतापूर्वक शुरू हो गया है। इस अवसर पर नरेंद्र बजाज, रूपेश सेन, क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि, बड़ी संख्या में आमजन एवं स्व-सहायता समूह की बहनें उपस्थित रहीं। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण और स्थानीय रोजगार सृजन की दिशा में मील का पत्थर बताया। कार्यक्रम के अंत में महिला समूहों को प्रोत्साहित किया गया कि वे गुणवत्ता युक्त स्वदेशी उत्पाद तैयार कर आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को सशक्त बनाएं।

### किसान कांग्रेस के ब्लाक एवं उपब्लाक अध्यक्ष नियुक्त

**दमोह।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नीतू पटवारी की मंशानुसार किसान प्रदेश अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल, पूर्व विधायक अजय टंडन, प्रताप सिंह, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतनचंद जैन, मनु मिश्रा, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मण सींग की अनुशंसा पर जिला किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीवान अमर सींग ने दमोह विधानसभा से ग्रामीण अध्यक्ष योगेश पटेल भोदलखेड़ी, शहर अध्यक्ष पप्पू कुशवाहा, उपब्लाक अध्यक्ष रमन सींग इमलिया, उपब्लाक अध्यक्ष अरविंद सिंह पथरिया विधानसभा से अंगद प्यासी, बटियागढ़ ने बद्री पटेल, हटा विधानसभा से ब्लॉक अध्यक्ष दीनदयाल पटेल उपब्लाक अध्यक्ष धर्मेन्द्र पटेल कादीपुर उपब्लाक अध्यक्ष गैसाबाद विनोद राजपूत, पटेरा ब्लाक अध्यक्ष अवधेष पटेरिया जबेरा विधानसभा से तेन्दूखेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष टीकाराम यादव उपब्लाक अध्यक्ष तेजगढ़ पूरन सिंह यादव, ब्लाक अध्यक्ष जबेरा राजकुमार यादव, उपब्लाक अध्यक्ष नोहटा केर सिंह को नियुक्त किया है उनके मनोनयन पर जिले के किसान कांग्रेस नेताओ ने बधाई दी है।

## भक्ति व तपस्या से होती है भगवत प्राप्ति : प्रेम नारायण शास्त्री

**तेंदूखेड़ा।** नगर के पंचवटी सिद्ध धाम में कार्तिक महिला मंडल द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिवस भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। वृंदावन धाम से पधारे सुप्रसिद्ध कथा व्यास पं. प्रेम नारायण शास्त्री वृंदावन धाम समनापुर ने अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को भक्ति, तपस्या और धर्म का गूढ़ संदेश प्रदान किया। कथा के दौरान शास्त्री जी ने कहा कि यदि मन भगवान के चरणों में लग जाए, तो मानव जीवन पूर्ण रूप से सफल हो जाता है। भक्ति के मार्ग में किसी भी प्रकार का व्यवधान नहीं आना चाहिए, क्योंकि तपस्या और सच्ची साधना से ही भगवान की प्राप्ति संभव है। उन्होंने कहा कि संसार में व्यक्ति धन से बड़ा हो सकता है, लेकिन भगवान के दरबार में सभी समान हैं। ईश्वर किसी के धन या पद को नहीं, बल्कि उसकी भक्ति और श्रद्धा को देखते हैं। कथा व्यास ने बताया कि भक्ति मां से प्राप्त होती है और भक्ति को दिखाया नहीं जाता, बल्कि उसे हृदय में धारण किया जाता है। कथा श्रवण केवल सुनने तक सीमित न रहे, यदि उसका मनन किया जाए तो भगवान के प्रति अटूट विश्वास उत्पन्न होता है। मनुष्य का मन अत्यंत चंचल है, इस पर नियंत्रण आवश्यक है। रामायण का उल्लेख करते हुए उन्होंने तुलसीदास जी की पंक्ति "एक घड़ी आधी घड़ी" का भावार्थ समझाया और कहा कि थोड़े से समय का भी सच्चा नाम-स्मरण जीवन को तार सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि जब-जब संसार में अधर्म और अत्याचार बढ़ता है, तब-तब भगवान अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। सनातन धर्म में 33 करोड़ देवी-देवताओं का उल्लेख है, किंतु कलयुग में सत्य के आधार पर ही पृथ्वी टिकी हुई है। सत्य परेशान हो सकता है, पर पराजित कभी नहीं होता, इसलिए सत्य का मार्ग कभी नहीं छोड़ना चाहिए। शास्त्री जी ने कहा कि वेद, धर्म और आचरण सभी यही बताते हैं कि कलयुग में भगवान का नाम-स्मरण ही मोक्ष का सरल मार्ग है। जीवों पर दया करना मनुष्य का परम धर्म है। यदि मन में श्रद्धा और लगन हो, तो भगवान स्वयं भक्त के पास आते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक ईश्वर की उपासना करें, पर सभी देवी-देवताओं में आस्था रखें। भगवान राम और भगवान कृष्ण में कोई भेद नहीं है, दोनों एक ही तत्व के स्वरूप हैं। कथा के दौरान उन्होंने वेदव्यास द्वारा रचित 18 पुराणों का उल्लेख करते हुए सुखदेव महाराज के जन्म की कथा, अजामिल प्रसंग, ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र ,रामायण और महाभारत के अनेक प्रसंगो का भावपूर्ण वर्णन किया। अंत में उन्होंने कहा कि हम सभी अपने-अपने कर्मों का फल भोग रहे हैं, इसलिए अच्छे कर्म और सच्ची भक्ति को जीवन का आधार बनाना चाहिए। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और संगीतमय भजनों के साथ वातावरण भक्तिरस से सराबोर रहा। भागवत जी की आरती के बाद तिल के लड्डू का प्रसाद वितरण किया गया। रात्रि 8 बजे से संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।

## हिन्दू सम्मेलनों की तैयारी में निकाली ध्वज, वाइक व कलश यात्रा



**हटा।** संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर सकल हिंदू समाज के बैनर तले अपनी सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करने और सामाजिक समरसता का नया इतिहास रचने के लिए विशाल हिंदू सम्मेलन का महा अभियान शुरू हो गया है। 15 जनवरी से 30 जनवरी के बीच हटा खंड कि प्रत्येक बस्ती में किया जाना है इसको लेकर प्रत्येक बस्ती के मंदिर में अक्षत कलश स्थापना की जानी है। जिसकी तैयारी हेतु मंगलवार की शाम नगर के मुख्य मार्गो से भव्य वाहन रैली कलश शोभायात्रा का आयोजन नगर में देवश्री गौरीशंकर मंदिर से प्रारम्भ किया गया। अक्षत कलश स्थापना देवश्री गौरीशंकर मंदिर, राम मंदिर , मौजानंद मंदिर, हनुमान ताल मंदिर ककराई और हरसिध्दी माता मंदिर में हिंदू सम्मेलन टोली के सभी कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवकों की उपस्थिति में सभी बस्तियों में कलश स्थापना की गई। वाहन रैली का समापन हरसिद्धि माता मंदिर में भारत माता की आरती के साथ किया गया। हटा नगर में हिंदू समाज द्वारा हटा नगर की पांच बस्ती जिसमें श्री गौरीशंकर बस्ती, श्री राम मंदिर बस्ती श्री मौजानंद बस्ती,माँ कर्मा देवी बस्ती एवं महर्षि बाल्मीकि बस्ती में 15 से 30 जनवरी के मध्य होने वाले हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शोभायात्रा के दौरान नगर में जगह जगह पुष्प वर्षा कर उत्साहवर्धन किया गया।शोभायात्रा के समापन पर शिवशक्ति दुर्गा माता मंदिर में भारत माता की भव्य महाआरती की गई। हिंदू सम्मेलन टोली के सदस्यों ने बताया कि यह सम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में पंच परिवर्तन (सामाजिक सद्भाव, समरसता, स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य और कुटुंब प्रबोधन) लाने का एक क्रांतिकारी माध्यम है।

# निर्माण कार्य होने के पहले हटाया अतिक्रमण



**तेंदूखेड़ा।** मंगलवार को नगर के वार्ड क्रमांक 9 मे खकरिया मार्ग पर एक महिला के द्वारा आम रास्ते पर मुरम डालकर कब्जा कर निर्माण कार्य करने का प्रयास किया जा रहा था जिसकी मुहल्ले से लगभग 10 लोगों ने 181 पर शिकायत की। शिकायत को संज्ञान में लेकर नगर परिषद के द्वारा तहसीलदार को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया। जिस पर मंगलवार को तहसील कार्यालय एवं नगर परिषद की संयुक्त टीम ने मौके पर जाकर अतिक्रमण के लिए डाली गई मिट्टी को हटाकर आम रास्ता को चालू करा दिया। संपूर्ण कार्यवाही के दौरान आरआई करन सिंह ठाकुर, पटवारी शिवकुमार राय, नगर परिषद इंजीनियर भूपेंद्र सिंह, प्रदीप साहू आदि उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## यादव महासभा जिलाध्यक्ष के लिये हुई रायसुमारी

**दमोह।** प्रदेश यादव महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार यादव दमोह प्रभारी यादव महासभा चुनाव के प्रबल दावेदारों में मुकेश यादव पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत संदीप यादव आबकारी ठेकेदार परम यादव वर्तमान अध्यक्ष यादव महासभा शालू यादव संजय यादव अध्यक्ष व्यापारी संघ पवन यादव पूर्व जनपद सदस्य वर्तमान शहर अध्यक्ष यादव महासभा रघुनाथ यादव तेंदूखेड़ा कृष्ण यादव युवा अध्यक्ष यादव महासभा घनश्याम यादव नरेंद्र यादव तोलाराम यादव जनपद अध्यक्ष तेंदूखेड़ा भागचंद यादव संग्रामपुर महेंद्र यादव खेड़ा चिंतामणि यादवकुमारी शिवराज यादव कुमारी विजय यादव जगदीश यादव बाबा एवं बुजुर्ग युवा साथी उपस्थित रहे।

## खाद्य लाईसेंस पांच दिवस के लिये निलंबित

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशो के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल द्वारा ग्राम आम चौपड़ा, जबलपुर रोड, सोनालिका ट्रैक्टर एजेंसी के पास, दमोह स्थित गणेश किराना एंड जनरल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया गया। मौके पर किराना दुकान में कार्यरत कर्मचारियों के एनुअल मेडिकल सर्टिफिकेट नहीं पाए गए। कर्मचारियों द्वारा एप्रन एवं हेड कवर का उपयोग करते हुए नहीं पाया गया। पेस्ट कंट्रोल प्रबंधन सर्टिफिकेट नहीं पाए गए। परिसर में एक्सपायरी डेट की किराना खाद्य सामग्री संग्रहित पाई गई। मौके पर परिसर में अनियमितताएं पाए जाने पर धारा-32 के तहत नोटिस जारी किया गया। मौके पर परिसर में संग्रहित एक्सपायरी डेट के अचार,घी, मसाले, फ्रूट ड्रिंक, केच अप, गरम मसाला, बिस्किट, टोस्ट, नमकीन, कुरकुरे, चिप्स सहित अन्य किराना खाद्य सामग्री का विनष्टीकरण किया गया। परिसर में अधिक मात्रा में एक्सपायरी डेट की किराना खाद्य सामग्री का भंडारण एवं अन्य अनियमितताएं किराना दुकान का खाद्य लाइसेंस पांच दिवस के लिए निलंबित किया गया।

### हाईवे पर पुलिस गश्त पर उठे सवाल, करीब दो लाख का नुकसान

# ताला तोड़कर नोहटा शराब दुकान से लाखों रूपये की शराब ले गये चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार




दमोह जिले के नोहटा मौसीपुरा रोड पर स्थित शासकीय शराब दुकान में सोमवार और मंगलवार की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने दुकान के शटर का ताला तोड़कर करीब 80 से 100 पेटी शराब चोरी कर ली। चोरी गई शराब की अनुमानित कीमत लगभग दो लाख रुपये बताई जा रही है। शराब दुकान के मैनेजर आशीष राय ने बताया कि सोमवार रात वे करीब 11 से 12 बजे तक दुकान के आसपास जागते रहे। इसके बाद जैसे ही कर्मचारी सोए, उसी दौरान अज्ञात चोरों ने शटर का ताला तोड़कर चोरी को अंजाम दे दिया। हैरानी की बात यह रही कि इतनी बड़ी वारदात की कोई आहट तक किसी को नहीं लगी।

घटना की सूचना मिलते ही नोहटा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इस संबंध में थाना प्रभारी अभिषेक पटेल ने बताया कि चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि यह चोरी की घटना दमोह–जबलपुर स्टेट हाईवे पर स्थित दुकान में हुई है, जो थाना मुख्यालय के अंतर्गत आती है। ऐसे में हाईवे पर रात में होने वाली पुलिस गश्त व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि नियमित गश्त होती, तो इतनी बड़ी चोरी की वारदात को रोका जा सकता था। हाईवे पर स्थित शासकीय दुकान में हुई इस चोरी ने न केवल सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है, बल्कि अपराधियों के हौसले भी बुलंद होने का संकेत दे दिया है। अब देखना यह होगा कि पुलिस कितनी जल्दी चोरों तक पहुंच पाती है और चोरी गई शराब की बरामदगी कब तक होती है।

# आवश्यक नहीं है कि जो हमें प्रिय हो वही हमारे हित में हो : स्वामी श्रवनानंद सरस्वती



**दमोह।** नरसिंह मंदिर प्रांगण शाला में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस आनंद वृंदावन से पधारे परम पूज्य स्वामी श्री अखंड आनंद सरस्वती के परम कृपा पात्र स्वामी श्री श्रवनानंद सरस्वती महाराज ने बताया कि हमारे जीवन का कल्याण किससे होने वाला है आवश्यक नहीं है कि जो हमें प्रिय हो वही हमारे हित में हो। हमारी रुचि ही कभी हमें गहन रोगों में फँसाकरके मृत्यु तक पहुँचा देगी। धन संग्रह करके, विषयलंपट होकर भी आप कितनी देर सुखी रह पाते हो, इसका भी विचार कीजिये। समझदार व्यक्ति को रुचि का ध्यान न रखकरके कल्याण का ध्यान रखना चाहिए। सही दिशामें पुरुषार्थ करके आप धर्म, अर्थ और काम प्राप्त करके भी इन सबसे ऊपर उठ करके अपने को मोक्ष-मार्ग को प्रशस्त कर सकते हैं। धर्म की पहचान यह है की उसका आचरण करते करते आपको भगवान से प्रेम होना चाहिये। धर्माचरण करते हुए यदि भगवान से प्रीति घटती हो तो आप धर्माचरण नहीं मजदूरी कर रहे हो। धन कमाते समय धर्म का अनुशासन होना चाहिए अन्यथा मकान - दुकान - गाड़ी - बंगला सब कुछ होकर भी आप दुःखी होंगे। भगवान धर्मकी स्थापना के लिए भी अवतार लेकर आते हैं। भगवान जीवन जीने की कला सिखाने के लिए भी आते हैं। संपत्ति और विपत्तिमें श्रीराम की समता हमें यह सिखाती है कैसे हर परिस्थिति में प्रसन्न रहा जा सकता है। श्रीकृष्ण भयंकर परिस्थितियों में भी कहीं रुके नहीं, कहीं झुके नहीं, अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहें। आत्मोन्नति करने के लिए लगन चाहिए। सामान्य व्यक्ति भी अपना व्यक्तित्व इतना बढ़ा सकता है कि सारे विश्व को वह अपनी दिशा में बढ़ा सकता है। आप अपनी प्रतिभा को पहचानो, दूसरों की प्रतिक्रिया में न जीयो। सुख नाम ज्ञान का है, दुःख नाम अज्ञान का है। किसी के आहार - संस्कार - विचार - संस्कृति की निंदा मत करो। यह सब स्थान, काल, परिस्थिति जन्य होते हैं। भगवान भाषा से ज़्यादा भाव पर ध्यान देते हैं। आप किस भाव में बोलते हो? आपकी भाषामें भाव है की नहीं? ईश्वर के सबसे समीप वह स्वर है जिसमें प्रेम समाया हुआ है। उस प्रेम का प्रभाव यह होता है कि भगवान बिना बुलाएँ प्रकट हो जाते हैं। रामचरितमानस एवं श्रीमद्भागवत प्रेमप्रधान ग्रन्थ हैं। क्रिया के प्रति जो प्रतिक्रिया है यह तुम्हें क्रियाशून्य नहीं बना सकती है, वह तुम्हें सदा क्रिया में अटकायी रखेगी। जब हम प्रतिक्रिया नहीं देते हैं तब हम क्रियाशून्यता (भगवान) की ओर बढ़ जाते हैं। गुणों से जो परिपूर्ण है वही सगुण हैं - निर्गुण (ब्रह्म) में रमन करने वाले अवधूत को भी जो अपने में आकर्षित करते हैं ऐसे सगुण-साकार भगवान हैं। सत्संग और संकीर्तन की भूमि दमोह में सप्त दिवसीय दिव्य श्रीमद्भागवत कथा महाराजजी स्वामी श्रवणानंद सरस्वतीजी के मुखारविंद से सुनने के लिए आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

# सिगौरगढ़ रेंज में दानीताल बीट में राहगीरों ने ली तेंदुए की फोटो



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे पर रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व मैं जानवरों की संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रही है आम आदमी को जानवर चीतल, सांभर,भालू, तेंदुआ आमतौर पर दिखाई देने लगे हैं सड़क के बाजू से अनेकों बार राहगीरो को जानवरों का सामना हो जाता है आए दिन सिंग्रामपुर से भैंसाघाट की पहाड़ी में तेंदूआ (गुलबाग) की मूवमेंट देखी गई है अनेकों बार राहगीरो को सड़क के बाजू से सामना हो चुका है। इसी कड़ी में आज दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे पर दानीताल बीट में तेंदुआ (गुलबाग) दिखा राहगीरो द्वारा तेंदुए की फोटो अपने कमरे में कैद कर ली। सिगोंरगढ़ दानीताल बीट प्रभारी विनोद कुमार दंडोतिया ने बताया कि सिगोंरगढ़ दानीताल बीट मै तेदुआ, (गुलबाग) होने की पुष्टि हुई है भ्रमण करते हुए यहां पर देखे जा सकते हैं रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में आने वाले समय में जानवर आपको देखने को मिलेंगे।

# पानी की गंदगी दूर करने कार्ययोजना बनाई जा रही है -कलेक्टर

**राजनगर जल सप्लाई प्लांट, दमोह फिल्टर प्लांट, धरमपुरा वार्ड में पानी सप्लाई एवं न्यू पीएम आवास में पानी सप्लाई का किया निरीक्षण, नगर पालिका सीएमओ को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज नगर पालिका की टीम के साथ राजनगर जल सप्लाई प्लांट, दमोह फिल्टर प्लांट, धरमपुरा वार्ड में पानी सप्लाई एवं न्यू पीएम आवास में पानी सप्लाई का निरीक्षण किया और नगर पालिका सीएमओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा आज नगरपालिका की टीम के साथ पानी के प्रवाह तंत्र का निरीक्षण किया। राजनगर से पानी आगे की ओर सप्लाई होता है। पानी में यदि किसी प्रकार की गंदगी है, तो उसको दूर करने कार्ययोजना बनाई जा रही हैं, ताकि प्रॉपर सफाई हो जाये और पानी में किसी प्रकार की गंदगी न रहे। फ़ल्टिर प्लांट के बारे में निर्देश दिए हैं, डिटेल में आदेश भी जारी किये जा रहे हैं। रसायन शास्त्र के विशेषज्ञ सहित पांच-छह विशेषज्ञों की टीम बनाई गई है। उन्होंने कहा फ़ल्टिर प्लांट लैब की प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से पानी की वहां पर टेस्टिंग होती है, उसका पूरा अध्ययन किया जायेगा। उपकरणों को देखेंगे और उसके बाद एक रिपोर्ट देंगे कि व्यवस्थाएं किस प्रकार की हैं और इसमें किस प्रकार के सुधार की ज़रूरत है।

कलेक्टर श्री कोचर ने सीएमओ नगरपालिका को निर्देशित किया गया है कि सप्ताह में कम से कम एक बार फ़ल्टिर प्लांट का निरीक्षण करेंगे। वहां पर एक निरीक्षण पंजी बनाने के निर्देश दिए गए हैं कि वहां पर उसका एक निरीक्षण पंजी में उनके निरीक्षण की टीप हर हफ्ते डलेगी। कलेक्टर श्री कोचर धरमपुरा वार्ड पहुंचे वहां पानी सप्लाई हो रहा था, धरमपुरा वार्ड में ग्राउंड पर, घरों में पानी की टेस्टिंग के लिए गए थे। टेस्टिंग आम व्यक्तियों के सामने कराई गई, पानी की स्थिति व क्वालिटी तो बहुत अच्छी पाई गई। उन्होंने कहा दोबारा जुझार घाट का भ्रमण किया जायेगा और साथ में जिन जगहों से सीएम हेल्पलाइन या दमोह हेल्पलाइन में शिकायत आई है, उन जगहों का भी भ्रमण करेंगे ताकि वहां पर देख लिया जाए कि पानी की क्वालिटी क्या है, पानी की क्वालिटी खराब है या फिर किसी और कारण से वहां पर पानी दूषित हो रहा है।

उन्होने पीएम आवास न्यू दमोह में भ्रमण कर पानी चेक किया वहां पर भी पानी की क्वालिटी बहुत अच्छी पाई गई। लगातार इसका निरीक्षण किया जायेगा। कलेक्टर ने तय किया है एक भ्रमण थोड़े दिनों के बाद जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिकों के साथ भी फ़ल्टिर प्लांट का किया जायेगा ताकि वह भी देख सकें कि किस तरह की हमारी गतिविधियां हैं। किस प्रकार से काम किया जा रहा हैं, इससे पारदर्शिता और अधिक बढ़ेगी।

# उस्ताद स्मृति समारोह 8 जनवरी को होगा आयोजित

### दमोह के उस्ताद सम्मान समारोह में जिले की प्रतिभाएं होंगी सम्मानित

**दमोह।** जिले के शिक्षा, सामाजिक, क्रीड़ा व राजनैतिक क्षेत्र के विशिष्ट व्यक्तित्व हाजी इकरार उस्ताद जी की ग्यारहवीं पुण्य तिथि पर भावपूर्ण स्मृति सम्मान समारोह - 2026 का आयोजन 8 जनवरी 2026 दिन गुरूवार को शाम 7 बजे से स्थानीय मानस भवन दमोह में होगा जिसमें दमोह के उस्ताद॰ सम्मान - 2026 में जिले की उत्कृष्ट प्रतिभाओं को दमोह के उस्ताद सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखन पटैल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पशु पालन एवं डेयरी विभाग, मध्यप्रदेश शासन एवं धर्मेन्द्र सिंह लोधी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग म.प्र. शासन रहेगें कार्यक्रम की अध्यक्षता जयंत मलैया विधायक दमोह एवं पूर्व वित्तमंत्री म.प्र. शासन, विशिष्ट अतिथि में श्याम शिवहरे जिलाध्यक्ष भाजपा, ज़िला दमोह एवं अजय टंडन पूर्व विधायक दमोह उपस्थित रहेगें। कार्यक्रम दो चरणों में संपन्न होगा 8 जनवरी सुबह 9 बजे से स्टेडियम टर्फ खेल ग्राउण्ड पर संभागीय हाकी टूर्नामेंट का आयोजन होगा। जिसमें अनेक टीमें भाग लेंगी। इसके अलावा शाम 7 बजे से सम्मान समारोह आयोजित होगा। जिसमें जिले की प्रतिभाओं को दमोह के उस्ताद सम्मान से नवाज़ा जाएगा साथ ही हॉकी प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान जिले के सामाजिक समरसता की भूमिका में मंच पं. श्री कुंजीलाल डिम्हा प्राचार्य श्री जागेश्वरनाथ संस्कृत वेदांग विद्यालय, बांदकपुर, जनाब हाजी अलीम खान अध्यक्ष , जश्न ईद मीलादुन्नबी कमेटी दमोह एवं कैप्टन दविन्दर सिंह वाधवा पूर्व अध्यक्ष - गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, दमोह, फादर रॉक माइकल मरियन, प्राचार्य-सेंट नॉवर्ट स्कूल उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में वरिष्ठ पत्रकार नरेन्द्र दुबे उपस्थित होंगे आयोजन समिति में धर्मेश्वर प्रसाद मिश्र, अनवर उस्ताद, विवेक शेण्डेय, पंकजहर्ष श्रीवास्तव, ललित नायक, अंसार उस्ताद डॉ.आलोक सोनवलकर, मन्नू उस्ताद, राजीव अयाची, डॉ. नाज़रि खान, परवेज खान, ज़यि उस्ताद ने सभी नगरवासियों से उपस्थिति की अपील की है।

# तिल चतुर्थी पर गजानन टेकरी में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



**दमोह।** सकल हिन्दू समाज जिला दमोह के उपाध्यक्ष राजीव राय सावजी ने जानकारी देते हुए बताया कि माघ चतुर्थी के अवसर पर मंगलवार को हिंदू धर्म के प्रथम देव के रूप में विख्यात भगवान गणपति की पूजा-अर्चना पूरे विधि-विधान से की गई। इस मौके पर शहर के गजानन टेकरी संतोषी माता मंदिर परिसर में नगर पुरोहित पंडित राजेश पाठक के मार्गदर्शन में हवन पूजन प्रारंभ किया गया। सिद्धि विनायक के दर्शनार्थ मानो श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा हो। सुबह से ही मंदिर पर पूजा अर्चना के लिए आने वाले श्रद्धालुओं का जो क्रम शुरू हुआ वह देर रात तक जारी रहा। फूल-माला और विद्युत झालरों से सुसज्जित मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। सकल हिन्दू समाज जिला दमोह के संरक्षक गजानन मंदिर के व्यवस्थापक दिलीप चौरसिया,कोमल चौरसिया ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह मंदिर के कपाट खुलने के बाद गजानन की पूजा एवं आरती के उपरांत श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ मंदिर के द्वार खोल दिए गए। मंदिर के बाहर माला फूल और मिष्ठान की दुकानें सज गई थीं। आस्थावान भक्तों ने गणपति बप्पा के चरणों में दूर्वा (दूब घास) व गेंदा फूल की माला तथा भगवान गणेश को प्रिय मोदक अर्पित कर महिलाओं ने अपनी संतान की आयु को दीर्घायु एवं स्वास्थ्य रहने को लेकर वृत रखकर मंगलमय जीवन की कामना की।

# वाहन चोर से दो बाईक बरामद



**दमोह।** कोतवाली पुलिस ने चोरी की मोटरसाईकिल बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनाँक 03.01.26 को प्रार्थी अनिल पटैल पिता रामकिशुन पटैल नि. धरमपुरा वार्ड नं. 39 दमोह द्वारा जिला अस्पताल दमोह से मोटरसाईकिल एचएफ डीलक्स MP 34 ME 8414 चोरी होने के संबंध मे रिपोर्ट लेख करायी गयी थी जो थाना कोतवाली मे अपराध क्र. 14/26 धारा 303 बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया था निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस स्टाफ द्वारा सीसीटीव्ही फुटेज, हुलिया के आधार पर लगातार तलाश पतारसी की जा रही थी जो दि. 05.01.26 को भ्रमण के दौरान कोतवाली स्टाफ को सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर एक व्यक्ति से पूछताछ की गयी जिसने अपना नाम शंभू बंसल पिता चोखेलाल बंसल उम्र 28 साल निवासी बांसा तारखेडा दमोह का होना बताया जिसने जिला अस्पताल दमोह से मोटरसाईकिल एचएफ डीलक्स MP 34 ME 8414 चोरी करना एवं पूर्व मे भी मिशन अस्पताल दमोह से वर्ष 2024 मे मोटरसाईकिल एचएफ डीलक्स चोरी करना बताया। जिस पर थाना कोतवाली मे अप.क्र. 132/24 धारा 379 ताहि का पंजीबद्ध था आरोपी से उक्त दोनो मोटरसाइकिल बरामद की गयी एवं आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के में कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार, सउनि. अलजार सिंह, प्रआर हेमंत अवस्थी, प्र.आर. अभिषेक चौबे, प्र.आर. देवेन्द्र रैकवार, प्रआर, अजीत दुबे, प्र.आर. महेश यादव आर. नरेन्द्र पटेरिया, ब्रजेन्द्र मिश्रा, आयुष मिश्रा का सहयोग रहा।

# भव्य कलश यात्रा से राष्ट्र शौर्य समृद्धि 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नए वर्ष के प्रारंभ के साथ गणेश चतुर्थी, 6 जनवरी से राष्ट्र शौर्य समृद्धि 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ नोहटा का श्रीगणेश विशाल और भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा के आगे आगे बैंड बाजों के साथ नवजागरण का संदेश देते हुए महंत भास्कराचार्य जी के साथ क्षेत्र के संतो की टोली, दमोह के लोकप्रिय सांसद राहुल सिंह, संस्कृति और पर्यटन राज्यमंत्री म प्र शासन धर्मेंद्र भावसिंह लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरव पटेल, पूर्व अध्यक्ष कोआपरेटिव बैंक राजेंद्र गुरु, लालू प्रसाद यादव, भूपेश सिंह सहित अनेकों सरपंच ,गणमान्य नागरिकों सहित हजारों की संख्या में महिलाएं, बच्चियां और कलशधारी बहिनें पीत वस्त्रों में मंगल गीत और जनजागरण के नारे लगाते हुए चल रहे थे। बस स्टैंड स्थित हनुमानजी मंदिर से कलशयात्रा प्रारंभ होकर बस्ती का भ्रमण करती हुई ,नगर वासियों को यज्ञ में भागीदारी करने का आमंत्रण देती हुई यज्ञ स्थल उप तहसील परिसर पहुंची । यज्ञ स्थल पर कलशधारी बहिनों की आरती सभी धर्माचार्यों,जन प्रतिनिधियों ने मंच से उतारी। अखंडदीप और माताजी के जन्म शताब्दी वर्ष का संदेश देते हुई शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार वर्मा ने इस सदी में नारी शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए हृदय स्पर्शी प्रज्ञा गीतों के साथ दिया। जिले भर से आए सैकड़ों पीत वस्त्रधारी गायत्री परिजन सहित स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति काफी बड़ी संख्या में रही। कार्यक्रम का संचालन कुलदीप मिश्रा और दिनेश दुबे ने और आभार प्रदर्शन भावसिंह लोधी ने किया।

# नवादा अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में डॉ.रश्मि जेता को बेस्ट डायरेक्टर अवॉर्ड



**दमोह।** बिहार के नवादा में आयोजित नवादा अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल के छठे संस्करण में फिल्म जगत की कई उपलब्धियां सामने आईं। इस प्रतिष्ठित समारोह के दौरान विश्व भर की चुनिंदा फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें दमोह के डॉ. रश्मि जेता और उनकी टीम द्वारा निर्मित फिल्म "द ग्रैफिटी" को भी प्रदर्शित किया गया। फेस्टिवल की खास बात यह रही कि स्क्रीनिंग और अवॉर्ड समारोह के दौरान बॉलीवुड की कई जानी-मानी फिल्मी हस्तियां मौजूद रहीं। इस वर्ष फेस्टिवल में दुनिया भर से करीब 2300 फिल्मों ने हिस्सा लिया, जिनमें से चयनित फिल्मों को अलग-अलग श्रेणियों में अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। फिल्म "द ग्रैफिटी" के निर्माता-निर्देशक डॉ. रश्मि जेता को उनके उत्कृष्ट निर्देशन के लिए बेस्ट डायरेक्टर अवॉर्ड से नवाजा गया। यह सम्मान उन्हें प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता दीपक तिजोरी के हाथों प्रदान किया गया। इस अवसर पर फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मनीष सोनी और नरेंद्र अठ्या भी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि फिल्म "द ग्रैफिटी" ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण का सशक्त संदेश देती है। इस फिल्म की शूटिंग बेंगलुरु के मेलकोटे स्थित धनुष्कोड़ी क्षेत्र में की गई है। फिल्म की कहानी स्थानीय समाजसेवी मोहम्मद शोएब और उनकी टीम द्वारा ऐतिहासिक धरोहरों पर की गई बेतरतीव लिखावट को साफ करने की मुहिम पर आधारित ळें फिल्म में मनीष सोनी और जूही खुशी सोनी ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं, जबकि नरेंद्र अठ्या ने असिस्टेंट डायरेक्टर और राहुल तिवारी ने सिनेमेटोग्राफर के रूप में अहम भूमिका निभाई है। फिल्म की इस उपलब्धि से पूरी टीम में खुशी और उत्साह का माहौल है।

# खनिज के अवैध उत्खनन पर प्रशासन सख्त, भदौली में जेसीबी व डम्पर जब्त

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 05 जनवरी को दोपहर 2.30 बजे दमोह तहसील अंतर्गत ग्राम भदौली में खनिज अमले द्वारा अवैध मिट्टी उत्खनन की जांच की गई। जांच के दौरान ग्राम भदौली में पंचायत भवन के पीछे स्थित तालाब में मिट्टी का अवैध उत्खनन किया जाना पाया गया। मौके से एक जेसीबी मशीन एवं एक डम्पर को जब्त कर थाना देहात दमोह में सुरक्षार्थ सुपुर्द किया गया है। इस मामले में संबंधितों के विरुद्ध खनिज नियमों के अंतर्गत कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही है। खनिज अधिकारी ने बताया जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोकथाम हेतु कार्रवाई आगे भी सतत रूप से जारी रहेगी।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं गोपी अमूलानी पिता सुदामा अमूलानी निवासी पक्का सिंधी कैम्प महिला मंदिर के पास दमोह सूचित करता हूँ कि मेरा बड़ा भाई संजय अमूलानी पिता सुदामा अमूलानी निवासी पक्का सिंधी केम्प महिला मंदिर के पास दमोह के द्वारा किसी भी प्रकार से किसी भी व्यक्ति से या संस्था से कोई वित्तीय लेनदेन किया हो तो इस पर मेरा या मेरे परिवार के सदस्यों का कोई दायित्व नहीं है उसे सम्पत्ति से पृथक कर दिया गया है तथा उसके साथ किसी भी प्रकार का अगर कोई व्यक्ति लेनदेन करता है तो उसकी जिम्मेदारी उत्सकी स्वयं की होगी। इस पर हमारा कोई दायित्व नहीं रहेगा। इस वास्ते सूचना पत्र जारी किया जा रहा है ।

शपथकर्ता - गोपी पिता सुदामा अमूलानी निवासी पक्का सिंधी कैम्प, दमोह

**In The Court Of I Civil Judge Class-I, District Court, Damoh**
**Presiding Officer: सुश्री स्नेहा सिंह**
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000013/2025)
कुमारी मनीषा यादव...............आवेदक Vs
सुमन यादव.............................अनावेदक
TID/4235/25
Process Id- 264/2025
पेशी दिनांक :- 05/02/2026
प्रेषिती- (1) आम जनता पता- दमोह म प्र
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुमारी मनीषा यादव पता ने मृतक. स्व. जयराम यादव निवासी ग्राम दुधिया रैयत पंचायत सर्रा ब्लाक तेन्दूखेड़ा दमोह की 9,8,23 नौ हजार आठ सौ तेइस रुपए मात्र राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक /संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 05 February 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक /संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 05 February 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।
यह आज तारीख 29 December 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है
स्नेहा सिंह
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
सील दमोह, जिला दमोह (म.प्र.)
कृपया ध्यान दें:-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।